

Current Affairs

+

Important Static GK

कल का सवाल

Q. आतिशी दिल्ली की कौनसे नंबर की महिला मुख्यमंत्री हैं?

Answer: तीसरे नंबर की

दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री – सुषमा स्वराज

दिल्ली की दूसरी महिला मुख्यमंत्री – शीला दीक्षित

दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री – चौधरी ब्रह्म प्रकाश

Current Affairs Revision

(19 September 2024)

Q. 1: हाल ही में 8वें भारत जल सप्ताह का उद्घाटन किसने किया? Who inaugurated the 8th India Water Week recently?

a. नरेंद्र मोदी

b. अमित शाह

c. द्रौपदी मुर्मु

d. राजनाथ सिंह

Answer: c. द्रौपदी मुर्मु

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में 8वें भारत जल सप्ताह का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम का विषय - "समावेशी जल विकास और प्रबंधन के लिए भागीदारी और सहयोग"

Q. 2: हाल ही में महिला-केंद्रित 'सुभद्रा योजना' का शुभारंभ किस राज्य में हुआ है? In which state has the women-centric 'Subhadra Yojana' been launched recently?

a. केरल

b. ओडिशा

c. मध्य प्रदेश

d. पश्चिम बंगाल

Answer: b. ओडिशा

शुभारंभ - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा

सुभ्रद्रा योजना का नाम भगवान जगन्नाथ और भगवान बलभद्र की बहन सुभद्रा के नाम पर रखा गया है।

योजना के तहत - राज्य सरकार 21-60 साल की महिलाओं को 2024-25 और 2028-29 के बीच 5 साल के दौरान 50,000 रुपए देगी।

हर साल 10,000 रुपए दो किस्तों में सीधे उनके खातों में जमा किये जायेंगे

इस योजना में 1 करोड़ से अधिक महिलाओं को जोड़ने की उम्मीद है।

Q. 3: हाल ही में किसे दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की गई है? Who has been recently announced to be the new Chief Minister of Delhi?

a. मनीष सिसोदिया

b. अरविंद केजरीवाल

c. आतिशी

d. कैलाश गहलोत

Answer: c. आतिशी

13 सितंबर को शराब नीति केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद अरविन्द केजरीवाल ने 15 सितंबर को मुख्यमंत्री पद छोड़ने का ऐलान किया था।

दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल फरवरी 2025 में खत्म हो रहा है।

Q. 4: हाल ही में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने दिव्यांगों के लिए सिनेमा देखने को सुलभ बनाने की दिशा में कौन सा मॉड्यूल शुरू किया है? Recently, which module has been launched by the Ministry of Information and Broadcasting to make cinema viewing accessible for the disabled?

a. ई-कास्ट मॉड्यूल

b. ई-सिनेप्रमाण मॉड्यूल

c. ई-फिल्म मॉड्यूल

d. ई-निर्देश मॉड्यूल

Answer: b. ई-सिनेप्रमाण मॉड्यूल

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सिनेमा देखने को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

अब श्रवण बाधित और दृष्टिबाधित लोगों के लिए फिल्म थियेटरों में प्रदर्शित होने वाली फिल्मों के सबटाइटल देना होगा।

इस दिशा में कदम उठाते हुए ई-सिनेप्रमाण मॉड्यूल जारी किया है।

Q. 5: हाल ही में शुरू हुए "स्वच्छता ही सेवा" अभियान 2024 की थीम क्या है? What is the theme of the recently launched "Swachhata Hi Seva" campaign 2024?

a. स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत

b. स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

c. स्वच्छता और पर्यावरण

d. स्वच्छता का संदेश

Answer: b. स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता



"स्वच्छता ही सेवा" अभियान 2024 की वर्ष की थीम - स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता .

Q. 6: बुकर पुरस्कार 2024 के लिए कितने महिला लेखकों को नामित किया गया है? How many women writers have been nominated for the Booker Prize 2024?

a. एक

b. तीन

c. चार

d. पांच

Answer: d. पांच

बुकर पुरस्कार 2024 के लिए संभावित विजेताओं की घोषणा कर दी गई है।

55 साल के इतिहास में पहली बार महिलाओं की सबसे अधिक दावेदारी देखने को मिली है।

कुल छह नामित लेखकों में से पांच नाम महिलाओं के हैं।

Q. 7: मनु भाकर को किस मंत्रालय के लिए ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है? Manu Bhaker has been appointed as the brand ambassador for which ministry?

a. शिक्षा मंत्रालय

b. खेल मंत्रालय

c. पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय

d. गृह मंत्रालय

Answer: c. पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री - सर्बानंद सोनोवाल

पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय (Ministry of Ports, Shipping and Waterways)

Q. 8: भारतीय हॉकी टीम ने 2024 एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में किस देश को हराकर खिताब जीता? Indian hockey team defeated which country in the final of the 2024 Asian Champions Trophy to win the title?

a. जापान

b. मलेशिया

c. पाकिस्तान

d. चीन

Answer: d. चीन

भारतीय टीम ने इतिहास में सबसे ज्यादा 5 बार (मौजूदा सीजन मिलाकर) एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब जीते हैं।

इससे पहले भारत ने 2011, 2016, 2018 (पाकिस्तान के साथ संयुक्त विजेता) और 2023 में ट्रॉफी जीती थी।

पूरे टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन के लिए हरमनप्रीत सिंह को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड मिला है।

Q. 9: हाल ही में नवनिर्मित सिद्धेश्वरी मंदिर का उद्घाटन कहाँ हुआ है? Where has the newly built Siddheshwari temple been inaugurated recently?

a. उत्तर प्रदेश

b. त्रिपुरा

c. बिहार

d. गुजरात

Answer: b. त्रिपुरा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने संयुक्त रूप से त्रिपुरा के बरकथाल में नवनिर्मित सिद्धेश्वरी मंदिर का उद्घाटन किया।

Q. 10: सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के नए महानिदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है? Who has been appointed as the new Director General of the Sashastra Seema Bal (SSB)?

a. अमृत मोहन

b. राकेश कुमार

c. संजय मिश्रा

d. विनय कुमार

Answer: a. अमृत मोहन

Current Affairs
(20 September 2024)

Q. 1: प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की लागत कितनी है, जिसे हाल ही में कैबिनेट ने मंजूरी दी है? What is the cost of Pradhan Mantri Janjati Unnat Gram Abhiyan, which has been recently approved by the Cabinet?

a. 50,000 करोड़

b. 79,156 करोड़

c. 60,000 करोड़

d. 85,000 करोड़

Answer: b. 79,156 करोड़

भारत के जनजातीय समुदायों के जीवन में व्यापक सुधार लाने के लिए पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान योजना को मंजूरी दे दी है।



इस योजना के लिए 79,156 करोड़ रुपये (केन्द्रीय हिस्सा - 56,333 करोड़ रुपये और राज्य हिस्सा - 22,823 करोड़ रुपये) बजट निर्धारित किया गया है।

उद्देश्य - अगले पांच वर्षों में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 63,000 गांवों में पांच करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों के जीवन में सुधार लाना

यह योजना जनजातीय बहुल गांवों (tribal dominated villages) और आकांक्षी जिलों (Aspirational Districts) पर केंद्रित होगी

यह योजना चार मुख्य लक्ष्यों पर केंद्रित है जो निम्नलिखित हैं:

बुनियादी ढांचे का विकास

आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना

शिक्षा की सार्वभौमिक पहुंच और

स्वास्थ्य में सुधार

Q. 2: हाल ही में चर्चा में रहा, 'वीनस ऑर्बिट मिशन' किस ग्रह से सम्बंधित है? 'Venus Orbit Mission', which was in news recently, is related to which planet?

a. मंगल

b. शुक्र

c. बृहस्पति

d. बुध

Answer: b. शुक्र

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों सहित 'वीनस ऑर्बिटर मिशन (वीओएम)' को मंजूरी दी।

"शुक्र ऑर्बिटर मिशन" (VOM) के लिए स्वीकृत कुल निधि 1236 करोड़ रुपये होगी

Q. 3: गैरसंचारी रोगों के रोकथाम के लिए किस संस्था को प्रतिष्ठित यूएन इंटर-एजेंसी टास्क फोर्स पुरस्कार मिलेगा? Which organisation will receive the prestigious UN Inter-Agency Task Force Award for the Prevention of Noncommunicable Diseases?

a. WHO

b. NITI आयोग

c. आईसीएमआर

d. एम्स

Answer: c. आईसीएमआर

गैर संचारी रोगों (एनसीडी) के रोकथाम और नियंत्रण के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) को प्रतिष्ठित यूएन इंटर-एजेंसी टास्क फोर्स पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

Q. 4: भारतीय वायुसेना की स्क्वॉड्रन लीडर मोहना सिंह किस विमान को उड़ाने वाली पहली महिला फाइटर पायलट बनी हैं? Indian Air Force's Squadron Leader Mohana Singh has become the first woman fighter pilot to fly which aircraft?

a. सुखोई

b. मिग-21

c. राफेल

d. LCA तेजस

Answer: d. LCA तेजस

भारतीय वायुसेना की स्क्वॉड्रन लीडर मोहना सिंह LCA तेजस उड़ाने वाली पहली महिला फाइटर पायलट बन गई हैं।

LCA तेजस पूरी तरह से स्वदेशी है और इसे 'मेड इन इंडिया' पहल के तहत निर्मित किया गया है।

वे स्क्वाड्रन लीडर भावना कंठ और अवनी चतुर्वेदी के साथ भारतीय वायु सेना में महिला फाइटर पायलट की शुरुआती तिकड़ी का हिस्सा थीं।

LCA तेजस को 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)' ने बनाया है।

Q. 5: हर साल विश्व बांस दिवस कब मनाया जाता है? When is the World Bamboo Day celebrated every year?

a. 16 सितंबर

b. 17 सितंबर

c. 18 सितंबर

d. 19 सितंबर

Answer: c. 18 सितंबर

यह दिन सतत विकास में बांस के महत्व और वैश्विक अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और समुदायों के लिए इसके लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।

बांस को दुनिया के सबसे टिकाऊ पौधों में से एक माना जाता है।

इसे कम से कम पानी, खाद या कीटनाशकों की आवश्यकता होती है और यह असाधारण रूप से तेज़ी से बढ़ता है

Q. 6: विश्व बांस दिवस पर छत्तीसगढ़ के किस जिले में विश्व के सबसे ऊंचे बांस के टॉवर का लोकार्पण किया गया? In which district of Chhattisgarh was the world's tallest bamboo tower inaugurated on World Bamboo Day?

a. रायपुर **b. दुर्ग**

c. बेमेतरा **d. बिलासपुर**



Answer: c. बेमेतरा

विश्व बांस दिवस पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में तैयार विश्व के सबसे ऊंचे बांस के टॉवर का लोकार्पण किया।

करीब 11 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस टॉवर की ऊंचाई 140 फीट और वजन 7400 किलोग्राम है।

Q. 7: हाल ही में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' को मंजूरी मिली है, यह किसकी अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिश पर की गई है? Recently 'One Nation-One Election' has been approved, this has been done on the recommendation of the committee headed by whom?

a. सी रंगराजन

b. अमित शाह

c. राम नाथ कोविंद

d. के एम मुंशी

Answer: c. राम नाथ कोविंद

वन नेशन वन इलेक्शन प्रस्ताव को 18 सितंबर को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है।

संसद के शीतकालीन सत्र में इससे सम्बंधित बिल पेश किया जाएगा।

वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी।

Q. 8: केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए कितने करोड़ रुपये आवंटित किए हैं? How many crores of rupees has been allocated by the Union Cabinet for Chandrayaan-4 mission?

a. 1,500 करोड़

b. 2,104 करोड़

c. 2,520 करोड़

d. 3,010 करोड़

Answer: b. 2,104 करोड़

चंद्रयान-4 मिशन का उद्देश्य - चांद की सतह से चट्टानों और मिट्टी को एकत्र करना तथा उन्हें पृथ्वी पर सुरक्षित वापस लाना

भारत 2027 में चंद्रयान-4 की लॉन्चिंग करेगा।

Q. 9: वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 का आयोजन कहाँ किया जा रहा है? Where is the World Food India 2024 being organized?

a. मुंबई **b. बेंगलुरु**

c. नई दिल्ली **d. चेन्नई**

Answer: c. नई दिल्ली

दिल्ली के प्रगति मैदान में 19 से 22 सितंबर तक मेगा फूड इवेंट 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' का आयोजन हो रहा है

Q. 10: हाल ही में राजभाषा कीर्ति पुरस्कार किस विभाग को मिला है? Which department has recently received the Rajbhasha Kirti Award?

a. रक्षा मंत्रालय

b. शिक्षा विभाग

c. प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग

d. वित्त मंत्रालय

Answer: c. प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग

हिंदी दिवस के अवसर पर भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित हिंदी दिवस समारोह एवं अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (Department of Administrative Reforms and Public Grievances - DARPG) को माननीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की ओर से राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग की ओर से वर्ष 2023-2024 के लिए, 300 से कम कर्मियों वाले मंत्रालयों/विभागों की श्रेणी में राजभाषा हिंदी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (Department of Administrative Reforms and Public Grievances - DARPG) को यह पुरस्कार दिया गया है।

Q. 11: हाल ही में भारत सरकार ने किस वस्तु के निर्यात से न्यूनतम मूल्य (फ्लोर प्राइस) हटाने का निर्णय लिया है? Recently the Indian Government has decided to remove the floor price from the export of which commodity?

a. गेंहू

b. चीनी

c. बासमती चावल

d. तंबाकू

Answer: c. बासमती चावल

उद्देश्य - बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देना

घरेलू धान की गिरती कीमतों और व्यापार दबावों के जवाब में किए गए इस निर्णय का उद्देश्य निर्यात के अवसरों को बढ़ाना और किसानों की आय का समर्थन करना है।



Q. 12: बीएचईएल हरिद्वार ने हाल ही में भारतीय नौसेना के लिए किस अपग्रेडेड तोप का निर्माण किया है?
Which upgraded gun has BHEL Haridwar recently manufactured for the Indian Navy?

a. आकाश तोप
b. अग्नि तोप
c. एसआरजीएम तोप
d. पृथ्वी तोप

Answer: c. एसआरजीएम तोप

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) हरिद्वार के रक्षा एवं एयरोस्पेस विभाग ने भारतीय नौसेना के लिए अपनी पहली, अपग्रेडेड सुपर रैपिड गन माउंट (SRGM) तोप का निर्माण पूरा कर लिया है

यह तोप 35 किलोमीटर के दायरे में हवा, पानी और समुद्र में विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों को भेद सकती है।

आज का सवाल

Q. गोतिपुआ किस भारतीय राज्य का लोक नृत्य है?

For pdf,
Join telegram Channel
rwacurrentaffairs